हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 8 मई 2025

04 जागरण शिविर लगाकर भरवाएंगे संकल्प पत्र



07 दुकान मालिक के सामने दो दुकानें जलकर खाक, देरी से पहुंची दमकल





## समाचार संक्षेप

### वार्ड 15 बीनागंज के लोगों ने मीट और आवारा सूअरों की शिकायत की



**चाचौड़ा।** वार्ड नंबर 15 बीनागंज में नागरिकों को हो रही समस्याओं को देखते हुए एसडीएम चाचौड़ा रवि मालवीय ने अधिकारियों के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आवारा सुअरों की बढ़ती संख्या और अव्यवस्थित मीट दुकानों से हो रही परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए कई मीट दुकानों को शील्ड किया गया। मौके पर एसडीएम चाचौड़ा रवि मालवीय, तहसीदार मयंक खेमरिया, नायब तहसीदर शुभम जैन, एवं अन्य अधिकारी पटवारी भी मौजूद थे।

### जिला चिकित्सालय में किया जायेगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**गुना।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर दिनांक 08 मई 2025 को ''ब्लड बैंक'' जिला चिकित्सालय गुना में प्रातः 09:00 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर पश्चात कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में स्थानीय रेडक्रॉस भवन में 11:00 बजे से थैलेसीमिया पर कार्यशाला एवं रक्तदाताओं/ सामाजिक संस्थाओं/ निक्षय मित्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया जायेगा।

### इंटेग्रेटेड हेल्थ कैम्प का आयोजन

**गुना।** राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल सिंह के मार्गदर्शन में इंटेग्रेटेड हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें राधौगढ़ में एचआईवी एड्स के प्रचार-प्रसार के लिये कैम्प में आये समस्त हितग्राहियों को पेम्पलेट के माध्यम से एचआईवी के बचाव की जानकारी दी एवं कैंप स्थल पर ही एचआईवी/ सिफ़लिश/ हेपेटाइटिस बी आदि की 65 व्यक्तियों की जांच की गई। कैम्प में आईसीटीसी स्टाफ, एसएसके स्टाफ, FPAI टीआई स्टाफ,सीएससी विहान सभी के पूर्ण सहयोग से इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंप सफल हुआ ।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए मध्यप्रदेश बास्केटबॉल बालिका टीम के दुर्गेश चंद्र सक्सेना प्रशिक्षक किये नियुक्त

**गुना ।** संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी शर्मिला डाबर ने बताया कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 जो कि पटना बिहार में 10 से 15 मई तक आयोजित होगी। जिसमें खेल और युवा कल्याण विभाग गुना में पदस्थ जिला खेल प्रशिक्षक दुर्गेश चंद्र सक्सेना एनआईएस बास्केटबॉल कोच को मध्य प्रदेश बास्केटबॉल बालिका टीम का प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। इससे पूर्व अंडर 23 बालक बास्केटबॉल टीम के प्रशिक्षक के रूप में असम गुवाहाटी में माह मार्च 2025 में आयोजित राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भी अपनी भूमिका निभा चुके हैं। शदुर्गेश सक्सेना को खेलो इंडियन यूथ गेम्स में प्रशिक्षक बनाए जाने पर संजय गांधी खेल परिसर गुना के समस्त प्रशिक्षकों व खिलाड़ियों में हर्ष का माहौल है। श्री सक्सेना की इस उपलब्धि पर खेल और युवक कल्याण विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी सहित सुरेंद्र पाल सिंह, ओपी शर्मा, गोविंद सेन, मनोज शर्मा, अब्दुल रशीद, रुपेश ग्वाल, सतीश रघुवंशी, प्रदीप शर्मा, राहुल तिवारी, जितेंद्र यादव, जय कुशवाह, सौरभ रघुवंशी, सुनील कुशवाहा, राहुल तिवारी, सुनील शर्मा, देवेंद्र शर्मा, योगेंद्र शर्मा, खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

### तीन दिन की अनुमति लेकर शादी करने आया था हिस्ट्री शीटर

# रात में मैरिज गार्डन के पास हुआ पथराव, बाराती घायल

### पुलिस ने 18 लोगों को रात में ही गिरफ्तार कर सुबह कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बीती रात बीजी रोड क्षेत्र में उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब मैरिज गार्डन के पास बारात पर अचानक कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। यह घटना शहर के शहनाई गार्डन के पास हुई, जहां शादी समारोह चल रहा था।

पथराव की घटना में कई बाराती घायल हो गये, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 मई को रात्रि 11:30 बजे करीब गुना में शहनाई गार्डन के पास बीजी रोड पुल के नीचे से शुभम शर्मा जो कि वर्तमान में आदतन गुण्डा बदमाश होते हुए जिलाबदर है एवं 3 दिवस के लिए उसकी शादी हेतु अनुमति प्राप्त करने के पश्चात बारात लेकर जा रहा था।उसकी बारात में शामिल अन्य कुछ हस्ट्रीशीटर-गुण्डे बदमाशों में पूर्व रंजिश को लेकर आपसी विवाद होने पर मारपीट हुई एवं उनके साथियों के बीच मामूली पथराव की घटना हुई है ।

पुलिस द्वारा त्वरित रूप से संज्ञान लेकर समय पर घटना स्थल पर पहुँचकर विवाद शांत किया गया एवं स्थिति पर पूर्ण रूप से नियंत्रण कर उचित धारा में प्रकरण दर्ज कर त्वरित रूप से मध्यरात्रि में ही समस्त आरोपियों की गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया गया । गुना पुलिस आसमाजिक तत्वों पर जो जिले की लोकशान्ति भंग करते है उन पर कठोर कार्यवाही हेतु वचनबध्द है । घटना में शामिल 18 लोगों को रात्रि में ही गिरफ्तार किया गया है तथा न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है ।

शहर की शान्ति व्यवस्था नियंत्रण में है तथा विभिन्न माध्यमों द्वारा शहर में सतत निगरानी की जा रही है ।

### जिला चिकित्सालय पहुंच जिलाध्यक्ष और विधायक ने घायलों का जाना हाल चाल

बुधवार सुबह भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार एवं गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने जिला चिकित्सालय गुना पहुंचकर घायलों का हाल चाल जाना। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ वीरेंद्र सिंह रघुवंशी सहित जिला अस्पताल का स्टाफ उपस्थित रहा। जिलाध्यक्ष श्री सिकरवार ने सभी घायलों के कुशलक्षेम जाना और डाक्टरों से बेहतर इलाज की बात कहीं साथ ही उन्होंने प्रशासन से जल्द जल्द दोषियों को कड़ी सजा देने की बात कही। मिडिया प्रभारी श्री जैन ने बताया कि मंगलवार देर रात्रि बीजी रोड स्थित शहनाई गार्डन में ग्राम बरखेड़ा निवासी शर्मा परिवार की बारात लग रही थी । इसी दौरान भारी मात्रा में बारात पर पथराव किया गया और इसमें कई बाराती चौटिल हुए जिनको जिला चिकित्सालय गुना में भर्ती कराया गया ओर गंभीर लोगों को गुना से बाहर रेफर किया गया हे।

# सड़क हादसों में दो की मौत, दर्जनों घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सडक़ दुर्घटनाओं में दो लोगों की जान चली गई और परिवारों में मातम पसरा दिया। तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाए गए वाहनों की वजह से दो लोगों की मौत हो गई जबकि दर्जनभर घायल हुए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार मधुसूदनगढ़ थानांतर्गत ग्राम अगरपुरा निवासी दयाल सिंह राजपूत की मंगलवार की रात लगभग 9 बजे सडक़ हादसे में मौत हो गई। वे खेत से भैंस लेकर घर लौट रहे थे, तभी मकसूदनगढ़-सुठालिया रोड पर एक तेज रफ्तार बाइक एमपी 39-0749 ने पीछे से टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहा युवक कमलेश मेर निवासी हांसरोद और एक बच्चा विजय मेर भी हादसे में घायल हुए।

पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला दर्ज किया। म्याना थानांतर्गत एबी रोड दुनाई कट के पास एक तेज रफ्तार कार एमपी 07-1187 ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। इस हादसे में 35 वर्षीय हरिबाई केवट निवासी बजरंगगढ़ की मौत हो गई, जबकि उनके पति मनमोहन घायल हुए। कार चालक घायल दंपती को अस्पताल लेकर गया, जहां डॉक्टरों ने हरिबाई को मृत घोषित कर दिया। आरोपी चालक पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

वहीं कुंभराज थानांतर्गत नबाब खान निवासी कुसमोदा पिकअप वाहन एमपी 08-2736 से चार महिलाओं को खटकिया छोडऩे ले जा रहे थे। मुडरा गांव के पास एक ट्रेलर आरजे 35 - 2592 के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए जिससे पिकअप टकरा गई। इसमें सावोबाई, छल्लो और उर्मिला बिजौरी गंभीर रूप से घायल हुईं जिन्हें जिला अस्पताल रैफर किया गया। जबकि आरोन थानांतर्गत ग्राम शहरोक के अरविंद बंजारा की बाइक को एक तेज रफ्तार बाइक एमपी 08-0248 ने टक्कर मार दी। अरविंद के हाथ में फ्रैक्चर आया और अन्य चोटें लगीं। आरोपी चालक कालूराम धाकड़ के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इसी तरह राघौगढ़ क्षेत्र में दीपक भील, उनकी बहन पूजा और रामरेखा गांव राजपुरा में तेज रफ्तार बाइक से हुए हादसे में घायल हो गए।

### भोपाल द्वारा संचालित योजना सुपर 5000 का पात्र विद्यार्थी ले सकते हैं लाभ

गुना । सहायक श्रम पदाधिकारी आशीष तिवारी ने बताया कि मण्डल द्वारा संचालित सुपर 5000 (कक्षा–10) एवं (कक्षा-12वीं) योजना अंतर्गत वैध पंजीकृत निर्माण श्रमिक के पुत्र एवं पुत्री, जो म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में किसी शासकीय विद्यालय में अथवा स्वाध्यायी विधार्थी के रूप में अध्ययन करते हुये कक्षा- 10वीं एवं 12वीं में संपूर्ण राज्य की मेरिट में अपने संकाय के सर्वोच्च 5000 बच्चों में सम्मिलित हैं, उन्हे एकमुश्त रूपये 25,000 की प्रोत्साहन राशि जीवनकाल में एक बार प्रदान की जाती है। इस संबंध में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा निर्देशित किया गया है कि वैध पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के अध्ययनरत पात्र पुत्र/पुत्रियां लाभ से वंचित ना रहने पाये। योजना अंतर्गत पंजीबद्ध निर्माण श्रमिक के पुत्र/पुत्रियों के द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवेदन माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी मेरिट में अपने संकाय में सर्वोच्च 5000 रैंक में सम्मिलित होने के प्रमाण के साथ, संबंधित विद्यालय के प्राचार्य की अनुशंसा उपरांत कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थित श्रम विभाग गुना में सहायक श्रम पदाधिकारी को प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

### घर से निकलकर रास्ता भटकी 2 वर्षीय बच्ची को सुरक्षित परिजनों से मिलाया




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कोतवाली क्षेत्र में घर से निकलकर रास्ता भटकी 2 वर्षीय बच्ची को पुलिस जवानों ने सुरक्षित परिजन से मिलाया है। गुना के कोतवाली क्षेत्र में शीतला माता मंदिर पुल के पास एक 2 वर्षीय बच्ची मिली है, जो घर का रास्ता भटक गयी है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में 06-05-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल कोतवाली थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक मनीष ग्वाल एवं पायलेट विजय कुशवाहा ने मौके पर पहुँचकर बच्ची को संरक्षण में लिया। डायल 112/100 जवानों ने बच्ची को एफ आर व्ही वाहन से साथ लेकर आसपास परिजन की तलाश एवं पूछताछ करने पर बच्ची के परिजन उसे ढूँढते हुए मिले जिन्हे बच्ची द्वारा पहचान व सत्यापन उपरांत बच्ची को माँ के सुपुर्द किया गया।

### औद्योगिक आपदा प्रबंधन द्वारा मॉक एक्सरसाइज का किया गया आयोजन

# एनएफएल में अमोनिया गैस के रिसाव का सिनेरियो बनाकर की गई मॉकड्रिल





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्रधिकरण भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आज आपदा प्रबंधन के तहत मॉक एक्सरसाइज का आयोजन को आज राधौगढ एनएफएल में किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भोपाल के प्रशिक्षकों तथा अधिकारियों द्वारा औद्योगिक आपदा के दौरान किये जाने वाले कार्यो का निरीक्षण किया गया। राधौगढ एनएफएल में अमोनिया गैस के रिसाव का सिनेरियो बना कर यह मॉकड्रिल की गई। यह मॉक अभ्यास आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित गया है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया, अनुविभागीय अधिकारी राघौगढ विकास कुमार आनंद, एसडीओपी दीपा डुडबे, नायब तहसीलदार रेणु कासंलीवाल, प्रभारी सीएमएचओ आरआर माथुर, होमगार्ड कामांडेट आरके पाथरोल सहित एनएफएल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मॉकड्रिल का उद्देश्य आपदा के पूर्व तैयारी चेतावनी खोज तथा बचाव कार्य आदि की तैयारियों का जायजा लेना एवं आने वाले कमियों को दूर करने हेतु आवश्यक तैयारियां किये जाने का निर्णय है।

### 8 मई को संबंधित क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित

गुना ।प्रबंधक कैंट जोन विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी नानाखेड़ी सबस्टेशन पर मेंटनेंस कार्य होने से दिनांक 08 मई 2025 को प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। जिससे ईदगाहबाड़ी, आवासीय कालोनी, न्यूसिटी पार्ट-2, तुलसी बस्ती, अवंतीका नगर, कुशवाह नगर, कोल्हूपुरा, कर्नलगंज, अन्नपूर्णा कालोनी, सिसौदिया कालोनी, दुर्गा कालोनी एवं शिवाजी नगर आदि विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। इसी प्रकार 33 केव्ही एआईआर सब-स्टेशन से निकलने वाली कुशमोदा फीडर की लाईन पर मेंटनेंस कार्य होने से दिनांक 08 मई 2025 को दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। जिससे विध्यांचल कॉलोनी, बलवंत नगर, विकास नगर, शुक्ला कॉलोनी, खेड़ापति कॉलोनी, एवन कॉलोनी, गुप्ता कॉलोनी, महावीरपुरा, कस्तुरबा नगर, पोरवाल कॉलोनी, एवं मारूति शोरूम के सामने वाले क्षेत्र का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटौती की समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढ़ाया भी जा सकता है।




नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्ते मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## ग्राहक पंचायत ने शुरू किया पर्यावरण संरक्षण अभियान

# जागरण शिविर लगाकर भरवाएंगे संकल्प पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

अखिल भारतीय ग्राहक पञ्चायत की गुना इकाई ने पर्यावरण संरक्षण अभियान की शुरुआत संकल्प - पत्र भरवाकर की। ग्राहक पञ्चायत के जिला सचिव विट्ठल अहिरवार ने बताया कि क्षेत्र संगठन मंत्री अलंकार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में चलने वाले इस अभियान का प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव को बनाया गया है।

इस अभियान में लोगों के पास जाकर और चौराहों पर जागरण शिविर लगाकर लोगों से पर्यावरण संरक्षण हेतु जल संचयन, जल का अपव्यय रोकने, पौधारोपण करने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने, सिंगल यूज प्लास्टिक का की ब्रिक्स बनाने और पर्यावरण संरक्षण हेतु समयदान देने आदि बिन्दुओं पर संकल्प-पत्र भरवाये जाएंगे।

### मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन

**राघौगढ़।** हिन्दुपत इस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग राघौगढ़ में एन.एस. इकाई ने 7 मई 2025 को नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया जिसमें कार्यक्रम अधिकारी ने आपतकालीन सुरक्षा मार्गदर्शिका से सभी स्वयं सेवको को अवगत कराया जिसमें आपातकालीन किट एवं परिजनों की सुरक्षा योजना आत्मरक्षा उपाय सरकारी निर्देशों का पालन स्थानीय चेतावनी संकेतों की पहचान आदि के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विडियों के माध्यम से सुरक्षा के प्रायोगिक उपायों से अवगत कराया गया।अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति सिंह सेंगर ने समस्त स्टाफ व स्वयं सेवक से इस विषम परिस्थिति में अपने देश व देशवासियों के हित में हर संभव हम अपना सहयोग देंगे इस आशान्वित आशा के साथ कार्यक्रम का समापन किया।




### संक्षेप समाचार

### सांदीपनी स्कूल चाचौड़ा में लगा समर कैंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

सांदीपनि शा.बा.उ.मा. वि. चाचोड़ा में दिनांक 01 मई से समर केम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें समर केम्प की थीम के माध्यम से छात्रों को अवगत कराया जा रहा है। इस समर केम्प में कक्षा 3 से कक्षा 12 वी के छात्रों को अलग अलग थीम के माध्यम से जेसे भावनाओ की समझ, आत्म विश्वास की राह, अन्दर की आवाज बाहर की कहानियाँ, स्वस्थ जीवन की ओर खेलो खिलो कौशल, संस्कृति के रंग हमारी विरासत हमारी पहचान स्पोकन इंग्लिश आदि कौशल के वारे में वताया जा रहा है। जिसमे प्रभारी प्राचार्य कृष्ण गोपाल मीना रमाकांत शर्मा, आशा जैन कु. कविता जैन, मिथलेश शर्मा, ममता चोकसे, अलका नागर, , शेलजा श्रीवास्तव, रजनी जैन, इकरार खान, राहुल सैनी, परमेश्वर पाटीदार के द्वारा छात्र एवं छात्राओ को कौशल के वारे वताया जा रहा है।

### अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा गुनाअसाध्य रोग थैलीसीमिया के लिए जागरूकता अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा गुना द्वारा असाध्य रोग थैलीसीमिया के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शाखा की अध्यक्ष अंतिमा बंसल और अन्य 5 लोगों ने भी रक्त दान किया। थैलीसीमिया से पीड़ित रोगी को माह में दो बार रक्त की बहुत आवश्यकता होती है। मंडल की प्रांतीय रक्तदान त्वचा दान प्रमुख ऊषा विजयवर्गीय ,सचिव नीलम मंगल, कोषाध्यक्ष ऊषा अग्रवाल ने संस्कार केंद्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं को पंपलेट बांटे और इस रोग के बारे में जानकारी दी और रक्त परीक्षण करवाने का निवेदन किया।वहां उपस्थित सभी महिला, बालिकाओं और बच्चों को नाश्ता करवाया।आज थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों और उनके साथ आए परिजनों को भोजन के पैकेट दिए और बच्चों को उपहार और चॉकलेट्स भी दी। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र उपमा राठी,नीलिमा लाहोटी,कल्पना विजयवर्गीय,रीता माहेश्वरी,बीना अग्रवाल ने दिए।अलका बिंदल,ललिता तायल ने पुष्पमाला से स्वागत किया।संस्था के सदस्यों ने कुछ बच्चों को गोद ले कर उनकी परेशानियों को दूर करने का प्रण लिया।आप सभी से निवेदन है कि आगे आए और पीड़ित रोगी को सहयोग करे। डॉक्टर रामवीर सिंह जी और डॉक्टर अशोक के सहयोग रहा।

## नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेशाध्यक्ष पुष्पेंद्र मिश्रा द्वारा अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष पद पर पवन शर्मा के नाम की घोषणा की है। श्री शर्मा का नाम घोषित किये जाने पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत समारोह का आयोजन अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन शर्मा के नेतृत्व में बलवंत नगर में किया गया।जहां उपस्थित विप्र बंधुओं ने फूल मालाओं के साथ स्वागत करते हुए जोरदार अतिशवाजी की। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन शर्मा पाटई ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य अंतिम छोर के ब्राह्मण बंधु के उत्थान को लेकर किया गया है।जिलाध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा कि संगठन का उद्देश्य ब्राह्मण को ब्राह्मणो.से जोडना है, मैं ब्राह्मणो के सहयोग के लिए आधी रात को हर समय तत्पर हूं। मेरा उद्देश्य हारे, परेशान ब्राह्मण बंधु की हर समय मदद करना है। सभी वरिष्ठों से मार्गदर्शन लेकर ब्राह्मण उत्थान पर कार्य करना है। समाज के वंचित वर्गों की मदद करना और उनके जीवन में सुधार लाना। शिक्षा और जागरूकता लोगों को शिक्षित करना और उन्हें विभिन्न मुद्दों पर जागरूक करना। सामाजिक न्याय की दिशा में काम करना और लोगों के अधिकारों की रक्षा करना। संस्कृति को बढ़ावा देना और सांस्कृतिक गतिविधियों को आयोजित करना।इस अवसर पर वीरेंद्र भार्गव, केशव दुबे, पंडित भुवनेश्वर शास्त्री, मनोज भारद्वाज, मुकेश तिवारी, डॉ प्रदीप शर्मा, देवकीनंदन शर्मा, राजू शर्मा अमरोद, महाराज सिंह लोधा, भवेंद्र सिंह सिसोदिया, पुष्पेंद्र शर्मा, अभय व्यास,निमेष जोशी, गोलू शर्मा,अमन शर्मा, सुरेंद्र पराशर, ब्रज तिवारी, राजू कुशवाहा, आर्यन शर्मा, सोनू शर्मा, गौरव शर्मा, शुभम शर्मा, सुनील शर्मा, वरुण शर्मा, अजीत सिकरवार, राजेंद्र सिकरवार, अर्पित शर्मा, मयंक शर्मा, गोविंद शर्मा आदि उपस्थित थे।

### भारत स्वाभिमान न्यास द्वारा 17 बी योग कक्षा का शुभारंभ किया गया

**गुना।** भारत स्वाभिमान के डॉ एमके विश्वास जिला प्रभारी द्वारा संकल्प लिया गया है कि प्रत्येक वार्ड प्रत्येक पार्क में निशुल्क योग कक्षाएं प्रारंभ की जावेगी। इसी क्रम में मई माह 2025 में दो योग कक्षाओं का शुभारंभ किया गया है 1 मई 2025 को साइ टाउनशिप बजरंगढ़ बायपास भल्लनपुरा में एवं योग कक्षा प्रारंभ की गई । दूसरी आज 7 मई2025 को रॉयल टाउनशिप ए बी रोड गुना में शुभारंभ किया गया है। इस योग कक्षा में डॉ सचिन सोनी जिला सचिव आरोग्य भारती की लंबित मांग पर डॉ एमके विश्वास के प्रयास से प्रारंभ हो गई है । इस योग कक्षा के शुभारंभ में पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी श्री कृष्ण गोविंद रघुवंशी, भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी डॉ एमके विश्वास, जिला सह प्रभारी राजेश श्रीवास्तव, जिला संगठन मंत्री बृजेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। योग कक्षा में श्री रघुवंशी द्वारा योग कराया।

## श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव समिति कायस्थ समाज गुना द्वारा आभार व सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना




मंगलवार को श्री चित्रगुप्त मंदिर जाट पुरा गुना में हाल में आयोजित बैठक में डॉक्टर एस के श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि में कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। शहर में विभिन्न मार्गो से निकल गई शोभायात्रा में शासन एवं पुलिस प्रशासन का आभार माना ।आयोजन में उपस्थित प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का आभार माना एवं कलम डायरी देकर सम्मान किया गया ।इसी क्रम में शहर में लगभग 25 स्थान पर सर्व समाज एवं कायस्थ समाज के परिवारों के द्वारा भिन्न-भिन्न जगह स्वागत एवं पेय पदार्थ दिए गए । उनका भी स्वागत एवं आभार माना अधिवक्ता परिषद की टीम ने स्वागत किया । उनको केसरिया पट्टी का पहनकर कलाम डायरी बैठकर सम्मानित किया गया । प्रकटोत्सव समिति द्वारा कायस्थ समाज के उपस्थित वरिष्ठ जनों का भी केसरिया पट्टीका पहना कर एवं कलम डायरियों से सम्मानित किया एवं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका उन 18 समय दानी सक्रिय कार्यकर्ताओं की रही जिन्होंने तपती धूप में 20 अप्रैल से लगातार घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र घर के दरवाजे पर चिपकाए एवं पीले चावल एवं आमंत्रण पत्र देकर सह परिवार शोभा यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया । जिले की तहसीलों में भी पहुंच कर संपर्क कर आमंत्रित किया उनका भी सम्मान कलम डायरी देकर किया । कायस्थ समाज के उपस्थित वरिष्ठ जन का भी सम्मान किया गया। जिनके मार्गदर्शन पर इस शोभा यात्रा को ऐतिहासिक ख्याति प्राप्त हुई एवं संकल्प लिए कायस्थ समाज की महिलाओं को जिनका इस शोभा यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका एवं स्थान रहा उनको आगामी दिवस में एक भजन संध्या का कार्यक्रम किया जाकर आमंत्रित कर विशिष्ट रूप से सम्मानित किए जाने का संकल्प लिया। विगत लगभग 10 वर्षों से प्रति गुरुवार को भगवान श्री चित्रगुप्त जी की कथा पूजा निरंतर की जा रही है उसका अनुसरण करते हुए अपने अपने पुत्र पुत्री के शादी के उपरांत घर में श्री सत्यनारायण भगवान की कथा के साथ-साथ भगवान श्री चित्रगुप्त की कथा पूजा अवश्य कर आएंगे एवं नई पीढ़ी के युवाओं को संदेश दिया की प्रति गुरुवार को शाम को आरती को महारथी का रूप देकर शामिल होने का प्रयास करेंगे ।

सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की

## ट्रेनों की मांग को लेकर सिंधिया ने रेल मंत्री को पत्र लिखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर



बीना-गुना रेल खण्ड पर रेल सुविधाएं बढ़ाई जाने की मांग को लेकर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखे हैं जिनमे ट्रेनो को चलाये जाने की मांग की गई है इन मांगों का पत्र चंदेरी के सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. योगेश मिश्रा द्वारा केन्द्रीय मंत्री और सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया को सौंपा गया था।

जिन मांगों को लेकर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने रेल मंत्री को पत्र लिखे हैं उनमें कहा गया है कि कोटा-सिरसा औरा सिरसा-कोटा अपडाउन ट्रेन 19807,19808,19813,19814 को बीना तक बढाए जाने की मांग की गई है। जिसमें कहा गया है कि इस टेन के बीना तक बढ़ाए जाने से खाटूवाले श्याम बाबा और अग्रोहा धाम जाने वाले लोगों को मदद मिल सकेगी। यह ट्रेन दस घण्टे कोटा में खडी रहती है। इसी प्रकार इन्दौर-जबलपुर,जबलपुर-इंदौर ट्रेन जो रेलवे द्वारा बंद कर दी गई है जबकि इस ट्रेन को अशोकनगर की महिलाओं की मांग पर शुरू किया गया था इस ट्रेन को समय बदलकर चलाए जाने की मांग की गई जिसमें जबलपुर से शाम 6:00 बजे एवं इंदौर से भी शाम 6:00 बजे चलाए जाने की मांग की गई है। क्योंकि इन्दौर के लिए इस क्षेत्र से कोई ट्रेन नहीं है। इसी प्रकार बीना-गुना मेमू ट्रेन को पहले की तरह दो फेरे बढाकर चलाये जाने की मांग की गई है यह ट्रेन कैलाशवासी माधव राव सिंधिया द्वारा चलवाई गई थी। रेलवे द्वारा 2 फेरे के स्थान पर एक फेरे के रूप में चलाया जा रहा है। इसी प्रकार बीना-नागदा ट्रेन को पुराने समय पर चलाने तथा उज्जैन-देहरादून ट्रेन को वाया गुना-अशोकनगर-बीना के रास्ते चलाये जाने की मांग की गई है।

### जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने रात्रि बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर की नवांकुर संस्था जय श्री प्रेमसागर निर्धन बाल कल्याण समिति तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बमूरिया दांगी द्वारा बुधवार को ग्राम बमुरिया दाँगी मे रात्रि बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के बारे में बताया तथा पानी बचाने के छोटे-छोटे उपाय बताएं। इस दौरान जल शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर नवांकुर संस्था के अध्यक्ष जगदीश सिंह यादव, मेंटर्स बलवीर यादव, एमएसडब्ल्यू छात्र अतुल दांगी, लहरी नवअंकुर संस्था के प्रतिनिधि,रणवीर सिंह दाँगी, महेंद्र सिंह दाँगी, राधेश्याम शर्मा, संतोष सिंह दाँगी, अतुल दाँगी, लल्लू आदिवासी, गिर्राज दाँगी, देवदास दाँगी, घनश्याम शर्मा आदि उपस्थित थे।



### मिट्टी, पत्थर और स्वर्ण को एक समान समझने वाला ही मुक्ति का अधिकारी है: श्रीमद्भगवद्गीता

**अशोकनगर।** श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा बुधवार को विवाह की वर्षगांठ के अवसर पर भूपेन्द्र रघुवंशी के घर श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय 14 गुणत्रय विभाग योग का स्वाध्याय हुआ। श्लोक 6 में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को समझाते हुए कहते हैं हे अर्जुन सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुण ये प्रकृति से उत्पन्न तीनों गुण अविनाशी जीवात्मा को शरीर में बॉधते हैं। श्लोक 9 में कहते हैं सत्त्वगुण सुख में लगाता है और रजोगुण कर्म में तथा तमोगुण ज्ञान को ढककर प्रमाद में लगाता है। श्लोक 14,15,16 में कहते हैं कि जब यह मनुष्य सत्त्वगुणकी वृद्धि में मृत्युको प्राप्त होता है, तब तो उत्तम कर्म करने वालों के निर्मल दिव्य स्वर्गादि लोकों को प्राप्त होता है। रजोगुण के बढ़ने पर मृत्यु को प्राप्त होकर कर्मों की आसक्ति वाले मनुष्यों में उत्पन्न होता है तथा तमोगुण के बढ़ने पर मरा हुआ मनुष्य कीट,पशु आदि मूढ़ योनियों में उत्पन्न होता है। श्लोक 24 में तीनों गुणों से मुक्त अतीत पुरुष के लक्षण बताते हुए कहते हैं जो निरंतर आत्मभाव में स्थित, दुःख-सुख को समान समझने वाला, मिट्टी, पत्थर और स्वर्ण में समान भाव वाला, ज्ञानी, प्रिय तथा अप्रिय को एक सा मानने वाला और अपनी निन्दा-स्तुति में समान भाववाला योगी मुक्ति का अधिकारी होता है। स्वाध्याय पश्चात सभी ने वैदिक मंत्रों के साथ राष्ट्र में प्रेम, भाईचारा और शांति के लिए यज्ञ किया। इस अवसर पर गीताव्रती रामबली, राजेंद्रसिंह, बलवीरसिंह, रमेशचंद्र शर्मा, अमरसिंह रघुवंशी, उमा दुबे, रश्मि रघुवंशी, सीताराम यादव, अजय रघुवंशी, ब्रजेश नामदेव, अंजु हनमनसिंह, रामकृष्ण, अरविन्द सहित सभी गीताप्रेमी उपस्थित रहे।

## अशोकनगर स्टेशन का डीआरएम रेलवे ने किया निरीक्षण




**अशोकनगर।** भोपाल रेल मण्डल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने अशोकनगर स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया उन्होंने बारी-बारी से निर्माण कार्यों के साथ स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने कार्य की गति धीमी होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। डीआरएम प्लेटफार्म नम्बर 3 पर अपने स्पेशल वाहन से अशोकनगर पहुंचे थे वहां से स्टेशन ब्रिज के द्वारा निरीक्षण करते हए प्लेटफार्म नम्बर 1 पर आए इस दौरान अमृतभारत योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण अमले के साथ किया। इस दौरान उन्होंने ब्रज के उपर से प्लेटफार्म नम्बर 2 और 1 को देखा अपने अधीनस्थ साथियों से कहा कि ठेकेदार कौन है उन्होंने कहा कि जो तुम्हारे द्वारा रेलवे प्लेटफार्म पर टाइल्स लगाये गये हैं वहा ट्रेन उतरते समय यात्रियों को परेशानी होती होगी यहां यह टाइल्स हटाकर ग्रेवल टाइल्स लगाये जाएं। जिससे यात्रियों को कोई परेशानी न हो उन्होने रेलवे स्टेशन पर बन रहे नये भवन के निर्माण कार्य का अवलोकन किया । इस दौरान उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों से जानना चाहा कि जो प्रतिक्षालय बन रहे हैं यह प्रतिक्षालय क्या एसी यूक्त हैं तब ठेकेदार ने बताया कि यह जो नवीन प्रतिक्षालय बनाये जा रहे है यह रेलवे के निर्देशानुसार सारी सुविधाओं से परिपूण हैं। उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों से ली इस दौरान जब पत्रकारों ने पूछा कि आपने पिछले दौरे पर निर्देश दिए थे कि यहां यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यहां कईं बर्षों से यात्रियों को सौंचालय की सुविधा नहीं है जब उनसे पूछा गया कि आपने जब भवन का निर्माण देखा है उस भवन में जो टाइल्स लगाई जा रही है क्या वह रेलवे के मापदण्डो के अनुसार है तब कहा कि यह सारा निर्माण कार्य रेलवे के इंजीनिरों की देख रेख मे किया जा रहा है जो भी मटेरियाल लग रहा है मापदण्डों के अनुसार लग रहा है उसके बाद उन्होंने किसी प्रकार का कोई जबाव नही दिया और वह निरीक्षण करते रहे और अपने साथ चल रहे अधिकारियों को निर्देश देते हुए दिखाई दिए।

### जैन समाज ने कलेक्टर से मिलकर थूवोनजी का आमंत्रण दिया

# जब तक त्यागोगे नहीं तब तक कुछ नहीं मिलेगा: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर




जब तक त्याग नहीं करेंगे तव तक कुछ भी नहीं मिलेगा ये हमने अपने महापुरुषों के जीवन चरित्र को पढ़कर सीखा जैन समाज महापुरुषों के आदर्श पर चलकर बहुत अच्छे अच्छे काम कर रही है मैंने पहले भी छतरपुर गुना हरदा आदि में रहकर सामने लोगों को देखा आप जव कुछ अच्छा करते हैं तो सभी अच्छा ही कहते हैं जैनाचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के दर्शन करने का सौभाग्य मुझे छतरपुर में मिला था

उनके नजदीकी बैठकर मां जैसा प्यार मिला उन्होंने बहुत सारी सीख जीवन को उत्कृष्ट बनाने के लिए दी और मुझे आज आप लोगों के साथ बैठकर सारी बातें स्मृति पटल पर आ रही है मैंने पहले से पड़ा था जिले में थूवोनजी चन्देरी बहुत विशेष महत्व के स्थान है मैं आप सभी के साथ वहा का सीध कार्यक्रम बनाऊंगा कलेक्टोरेट में जिला कलेक्टर आदित्य सिंह ने जैन समाज अशोक नगर के प्रतिनिधि मंडल के मध्य व्यक्त किए।

### जैन समाज ने कलेक्टर का किया अभिनंदन

इसके पहले जैन समाज के मंत्री विजय जैन धुर्रा ने जैन समाज प्रतिनिधि मंडल का परिचय दिया तदउपरांत जैन समाज अध्यक्ष राकेश कांसल, थूवोन जी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू, महामंत्री मनोज, भैसरवास तीर्थ क्षेत्र कमेटी उपाध्यक्ष विपिन सिंघई, सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्ल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अशोक पाटनी, जैन समाज के मंत्री विजय जैन धुर्रा ने नांवतुक कलेक्टर आदित्य सिंह का तिलक पगड़ी पीत वस्त्र के साथ ही दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी का चित्र भेंट कर बहुमान किया इस दौरान अध्यक्ष राकेश कासंल ने कहा कि जिला जिला शांत प्रिय स्थल है आपके नेतृत्व में यहां प्रगति की ओर अग्रसर होगा। जैन समाज गौ शाला समाज हथकरघा पाठशाला सहित अन्य सामाजिक कार्यो को संचालित कर रही है।

### हस्थकरघा के माध्यम से जैन समाज द्वारा दिया जा रहा है रोजगार : विजय धुर्रा

जैन समाज के मंत्री विजय जैन धुर्रा ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से नगर में हथकरघा संचालित है जिसमें सभी वर्गों के युवाओं आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की मासानुसार रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है और पूर्ण प्रशिक्षित होंगे और उनके घर से ही साचालित करने की व्यवस्था बनाई गई है जिससे कि नशा गुटका तंबाकू छोड़ें कर सभी परिवारी जन काम में लगे सर एक बार अवलोकन के लिए पधारे सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्ल ने कहा कि दया भावना फाउण्डेशन के माध्यम से सड़को पर पड़े घायल गोवंश व पशुओं की चिकित्सा की जा रही है और अभी हाल में बह एक पशु पक्षी उपचार अस्पताल का शिलान्यास हुआ जिसका निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है अशोक पाटनी ने कहा कि सभी संस्थाओं में बहुत अच्छे कार्यकर्ता अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## नंदनी नायक का ब्राह्मण समाज ने सम्मान किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा घोषणा के बाद अशोक नगर जिले में बोर्ड परीक्षा 12 वीं में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली दयाराम नायक जी की पुत्री नंदिनी नायक ने 500 अंको में से 470 अंक प्राप्त कर 94 प्रतिशत बनाए। जिससे पूरे ब्राह्मण समाज का नाम अशोकनगर जिले में गौरवान्वित हुआ है। ब्राह्मण समाज के प्रति मंडल ने नंदिनी नायक के निवास पर पहुंचकर मिठाई एवं पुष्प भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस बीच नंदिनी नायक के माता-पिता का भी सम्मान किया गया। ब्राह्मण समाज से महेश शर्मा,अशोक शर्मा,हरिओम नायक, राजेंद्र दुबे, पी.के. राजावत, करण शर्मा, आनंद शर्मा, धर्मेंद तिवारी, राहुल शर्मा पंडा, सोनू शर्मा, अनुज शर्मा, गौरव शर्मा आदि सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

## खबर संक्षेप

### बिजली के झटके लगने से मौत

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम बरखेड़ा निवासी बृगसिंह पुत्र सरनाम सिंह यादव उम्र 46 साल की मृत्यु बिजली के झटके लगने के कारण हो गई है पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### पुलिस ने आरोपी के पास से पिकअप वाहन व डीजे उपकरण बरामत किए

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने की पुलिस ने गोलू पाल निवासी पठार मोहल्ला निवासी गुना, और अमित पाल निवासी पठार मोहल्ला गुना के पास से एक पिकअप वाहन व डीजे उपकरण बरामत किए हैं पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की है।

### दक्षिणा की पेटी छुड़ाकर ले जाने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत नया बस स्टेण्ड के पास निवासी मुन्नी गिरी पत्नी दाउ गिरी उम्र 65 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पुरानी मण्डी प्रांगण के पास से हसन खान,संजीव अहिरवार उसकी दक्षिणा की पेटी को छपट कर भागने लगे जिस पर से मामला दर्ज किया गया है।

### धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत तुलसी कॉलोनी वार्ड क्र 21 निवास अंकित मांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि हंसार खान,आमिर खान ने फरियादी को प्रधानमंत्री कौशल केन्द्र सेंटर खुलवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर 197000 रूपये खाते में डलवा लिए जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### प्री-बिड कांन्फ्रेंस का आयोजन 9 मई को

**अशोकनगर।** कार्यालय कलेक्टर लोक सेवा प्रबंधन के आपदा प्रबंधन के सुचारू समन्वयन एवं प्रबंधन के लिए जिला स्तर से कॉल सेंटर के संचालन के लिए मेन पावर उपलब्ध कराये जाने के लिए ऑनलाईन निविदा पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की गई है। इस संबंध में 09 मई 2025 को प्री-बिड कांन्फ्रेंस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष के कक्ष क्रमांक 219 में सायं 04 बजे से ऑनलाईन गूगल मीट के माध्यम से किया गया है।

### सड़क दुर्घटनाओं के कईं मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम लिधौरा निवासी चंन्द्रभान आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि डिपो तिराह पर वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बाईक से जा रहा था तभी लाल रंग के तीन पहिया लोडिंग वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत धर्मवीर सिंह सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ढाकोनी ईसागढ़ रोड पर एक बाईक चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं।

### बिजली के खंभे में हुई स्पार्किंग दुकान में लगे मीटर तक पहुंची

# दुकान मालिक के सामने दो दुकानें जलकर खाक, देरी से पहुंची दमकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





वुधवार की सुबह 6:30 बजे आग लगने की अप्रत्याशित घटना सामने आई जिसमें बिजली के खम्बे में हुई स्पार्किंग दुकान मालिक के मीटर तक पहुंची राह चलते लोगों ने दुकान मालिक को सूचना दी। दुकान मालिक ने दुकान खोलकर देखा तो आग मीटर में लगी थी जब नगरपालिका की दमकल को आग लगने की सूचना दी गई उसके बाद भी दमकल 1 घण्टे तक नहीं पहुंची जिसके कारण दो दुकाने जलकर खाक हो गईं ।

घटना की जानकारी देते हुए दुकान मालिक राजकुमार सड़ाना ने बताया कि उनकी दुकान मिलन डीजल सर्विस के नाम से ईसागढ़ रोड़ पर आनंदपुर ट्रस्ट से लगी है । वह बीती रात अपनी दुकान के सारे मीटर मैन स्विच से बंद कर गये थे सुबह 6:30 बजे जब राह चलते किसी व्यक्ति ने दुकान से धुंआ निकलने की सूचना दी तब वह और उनके बड़े भाई अशोक सड़ाना चाबियां लेकर दुकान पहुंचे उस समय मीटर में आग लग रही थी। यह आग बिजली के खम्बे में स्पार्किंग होकर मीटर तक पहुंची थी जब आग लग रही थी तब हम मौके पर मौजूद थे हमारे द्वारा नगरपालिका की दमकल को सूचना दी गई हम दमकल आने का इंतजार करते रहे। एक घण्टे तक दमकल नही आई जिसके बाद आग ने रोद्र रूप घारण कर लिया । जितना भी ज्वलनशील पदार्थ था वह हमने बाहर रख दिया था इस घटना में 1 घण्टे बद दमकल आई आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया इस घटना में एक साथ 4 दुकानों मे से 2 दुकाने पूरी तरह जलकर राख हो गई हैं जिसमे मशीनों के साथ पार्टस और अन्य सामान शामिल था । इस घटना में दुकान के उपर की छत भी चटक गई है अगर दमकल समय पर आई हुई होती तो इस तरह की घटना को रोका जा सकता था।

जिला मुख्यालय के अशोकनगर शहर में जो दमकल नगरपालिका परिषद की है उस दमकल पर हमेशा स्टाफ तैनात रहना चाहिए कि कभी भी कहीं से आग लगने की घटना की सूचना आ सकती है क्योंकि इस समय गर्मी का महिना चल रहा है और आग लगने की घटनाएं आए दिन सामने आ रही हैं कहीं नरवाई में आग लगने का मामला सामने आता है तो कहीं चलती रेल के डिब्बे में आग लग जाती है। अशोकनगर शहर में एक साल पहले नये बस स्टेण्ड के पास भी टायर की फेक्ट्री में आग लगने से बड़े अग्नि काण्ड की घटना हो गई थी इस घटना में एक युवक की भी जिंदा जलकर मौत हो गई थी। जिस जगह यह घटना हुई थी उसी से लगे नर्सिंग होम मे भी आग पहुंच गई थी आग इतनी भयानक थी कि आग पर काबू पाने के लिए एनएफएल विजयपुर से दमकल बुलाना पड़ी थी ऐसी स्थिति में आग लगने की घटना जिले में कहीं भी हो सकती है। इस संबंध में जिला प्रशासन को सभी नगरपालिकाओं और नगरपरिषदों की दमकलों की मॉकड्रिल करना चाहिए कि यह दमकल आग पर काबू पाने में कितनी सक्षम हैं। इनके पास आग बुझाने के कितने संसाधन हैं। क्या यह दमकल मकान के तीसरे माले पर फसे लोगों को भी बचा सकती हैं। क्या सकरी गलियों में और सकरे बाजार में आग लगने जैसी घटनाओं में आग पर काबू पाने में यह दमकल सक्षम हैं इन सब पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है ताकि भविष्य में कोई अग्निकाण्ड की घटना बडे रूप में न हो सके।

# गोधन में छेवली नदी पर जल संरक्षण हेतु किया श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन 30 जून 2025 तक किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड चंदेरी में बुधवार को जिला समन्वयक जन अभियान परिषद अनीता जाटव एवं ब्लॉक समन्वयक दीपक पटैरिया के नेतृत्व में सेक्टर क्रमांक 1 के रामनगर तालाब से निकलने वाली ब्लॉक की जीवन दाहिनी छेवली नदी के गोधन घाट जल संरक्षण हेतु पानी को रोकने के लिए नदी के पत्थर से ही ढाँचा बनाने के लिए श्रमदान किया गया। ग्राम पंचायत गोधन के पास छिवली नदी पर जल बंधान एवं जल स्वच्छता अभियान कार्यक्रम किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा वृहद रूप से जल संरक्षण के लिए कार्यक्रम चल रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य जल स्वच्छता संरक्षण एवं भूमिगत जल स्तर को बढ़ावा देना है, इसके लिए विभिन्न प्रकार के मान्य उपाय एवं जन जागरण जैसे दीवार लेखन स्वच्छता शपथ, तालाब बावड़ी की सफाई, नदी नालों की सफाई आदि कार्यक्रम किया जा रहे हैं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव जीवन कोली, रोजगार सहायक रामेश्वर यादव,मेंटर्स नवाकुर ग्राम विकाश प्रस्फुटन समितियो के अध्यक्ष सचिव, स्टूडेंट एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### 8 मई को विदिशा रोड फीडर पर रखरखाव कार्य हेतु विद्युत प्रदाय रहेगा बाधित

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहा.प्रबंधक उज्जवल बारंगे ने बताया कि गुरूवार को विदिशा रोड फीडर पर रखरखाव कार्य किया जायेगा। जिससे 11केव्ही विदिशा रोड फीडर से शिवपुरी स्कूल, रॉयल पार्क, रॉयल पेरा डाईज कॉलोनी, सूरल एग्रो क्षेत्रों का सुबह 08.30 से दोपहर 01.30 बजे तक बाधित रहेगा। विद्युत प्रदाय बंद या चालू करने का समय आवश्यकतानुसार घटाया-बढाया जा सकता है।

# मॉक ड्रिल अभियान के तहत में रासेयो ने चलाया जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासकीय महाविद्यालय सहराई की रासेयो इकाई में भारत सरकार द्वारा चलाए गए सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल एनएसएस तैयार है के अभियान के तहत अपनी और पडौस की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे विद्यार्थियों को सुरक्षा संबधित जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहराई थाना प्रभारी धर्मेश दांगी एवं जनभागीदारी समिति सदस्य अभय सिंघई रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं जिला संगठक रासेयो डॉ अतुल गुप्ता ने की। विशष्ट अतिथि डॉ दिलीप सिंह, डॉ प्रदीप कुमार, रविन्द्र कमर रीतोरिया,निर्मल सिंह, आशा शर्मा रही। कार्यक्रम संयोजक डॉ सुरेश कुमार गर्ग रहे। रासेयो स्वयं सेवको को भी बताया गया कि कैसे किसी असामान्य परिस्थिति में हमें स्वयं को और सभी को सुरक्षित रखना है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश के 244 चिन्हित सिविल डिफेंस जिलों में 7 मई को मॉक ड्रिल करने का आदेश दिया है। ये मॉक ड्रिल नए और जटिल खतरों को ध्यान में रखते हुए करने को कहा गया है। महाविद्यालय में इस निर्देशानुसार एक सायरन बजाया गया जिसके बजते ही सभी विद्यार्थियों ने अपने कक्षाओं की सारी लाइटें बंद करके और पर्दे लगाकर कक्षा की मेजों के नीचे अपने कानों को बंद करते हुए स्वयं को सुरक्षित किया। मैदान में खेल रहे बच्चों ने वहीं पर लेटकर खुद को सुरक्षित रखने की प्रक्रिया को सीखा। डॉ गुप्ता ने महाविद्यालय में उपस्थित बच्चों और कर्मचारियों को इस सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल की ट्रेनिंग देते हुए बताया कि अगर किसी भी तरह की असामान्य परिस्थिति आती है तो आपको धैर्य रखना है, परेशान नहीं होना है और अपनी सुरक्षा हेतु सुरक्षित स्थान पर पहुंचना है और आस पास के सभी लोगों का सहयोग करें और जिससे सभी लोग सुरक्षित रह सके।आगे इस 7 मई 2025 को होने वाली सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के उद्देश्य प्रकाश डालते हुए कहा कि-

इन बिंदुओं और अन्य महत्वपूर्ण बातों पर मुख्य अतिथि द्वारा प्रकाश डाला गया और कहा गया कि आप सभी न केवल राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक हैं बल्कि आपदा मित्र भी है। इसीलिए आवश्यकता होने पर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। जागरूक होकर अपनी, अपने गांव, अपने देश की रक्षा में सहभागी बने। इस अवसर पर रामेती,खुशबू कुशवाह, रिंकी,प्राची, मनोज आदिवासी लक्ष्मी सेहरिया, कविता सोनकर, नंदनी ओझा,सोनम रजक, शिवानी चैहान, तनिषा रजक, तरुण रजक आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- एयर रेड वार्निंग सिस्टम की प्रभावशीलता का मूल्यांकन
- भारतीय वायु सेना के साथ हॉटलाइन/रेडियो संचार लिंक की क्रियान्वयन प्रक्रिया
- नियंत्रण कक्ष और छाया नियंत्रण कक्ष की कार्यक्षमता की जाँच
- नागरिकों, छात्रों आदि को हमले की स्थिति में सुरक्षा के लिए प्रशिक्षण
- क्रैश ब्लैक आउट उपायों की व्यवस्था
- महत्वपूर्ण संयंत्रों/स्थापनों का प्रारंभिक छद्मावरण
- सिविल डिफेंस सेवाओं की सक्रियता और प्रतिक्रिया का मूल्यांकन
- अग्निशमन, बचाव कार्यों और डिपो प्रबंधन का मूल्यांकन
- निकासी योजनाओं और उनके कार्यान्वयन की तैयारी का मूल्यांकन

# जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी अपने विभागों में नहीं मिले, कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





पिछले दिनों कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिले के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि, वह समय पर कार्यालय पहुंचे समय और नियम का ध्यान रखें उसके बाद जब कलेक्टर शिक्षा विभाग के कार्योलय का निरीक्षण करने पहुचें तो न तो अधिकारी मिले न स्टाफ मिला जिसके बाद कलेक्टर द्वारा कारण बताओ नोंटिस जारी किए गये हैं। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा बुधवार को प्रातः 10 बजे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी नीरज शुक्ला सहित स्टाफ के कर्मचारी अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को कारण बताओं सूचना जारी किये गए है।

**जिला शिक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण**

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने प्रातः 10:15 बजे जिला शिक्षा केन्द्र पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय में जिला परियोजना समन्वयक राहुल शर्मा सहित कर्मचारी अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित शासकीय सेवकों को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किये गए।

# मेरिट में आने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का कलेक्टर ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम जारी किया गया था। जारी परीक्षा परिणाम में जिले की मेरिट सूची में हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के मेधावी छात्र-छात्राओं का कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों की मेहनत से जिले का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों की सफलता पर बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी समन्वित प्रयासों से अशोकनगर जिले का बेहतर परीक्षा परिणाम आया है। आगे भी सभी के प्रयासों से जिले में शिक्षा तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम प्राप्त करें। मेधावी छात्र-छात्राएं अधिक से अधिक मेहनत कर लक्ष्य प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन हर संभव मदद के लिए तत्पर रहेगा। विद्यार्थी अपना भविष्य स्वंय तय करें तथा अपनी पहचान बनाये।

**मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान**

कलेक्टर ने हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 10 छात्र-छात्राओं तथा हाई स्कूल परीक्षा में 06 छात्र-छात्राओं द्वारा जिले की मेरिट सूची में आने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी नीरज शुक्ला, एपीसी अनिल खंतवाल, शिक्षक, अभिभावक तथा मेधावी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पीएम किसान सैचुरेशन अभियान 31 मई तक

**अशोकनगर ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत हितग्राहियों को वर्ष में 6000 रूपये की राशि तीन समान किस्तों में प्रदाय की जाती है। माह मार्च 2025 से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर आई.डी. अनिवार्य है। समस्त पी.एम. किसान हितग्राहियों एवं समस्त भू-धारियों से अनुरोध है कि आप सर्वेयर, पटवारी एवं सी.एस.सी. केन्द्रों से सम्पर्क कर अपनी फार्मर आई.डी. बनायें। जिससे आपको पी. एम. किसान सम्मान निधि योजना की अगली किरत का भुगतान हो सके। साथ ही यदि आपके द्वारा पी.एम. किसान योजना में ई-केवायसी भी नहीं कराई गई है तो आप अपने पटवारी से सम्पर्क करें।

### निरीक्षण के दौरान मंडी व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# कलेक्टर ने किया कृषि उपज मंडी का आकस्मिक निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




कलेक्टर ने बुधवार को नवीन कृषि उपज मंडी पहुंचकर मंडी कार्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही विभिन्न शाखाओं में पहुंचकर अधिकारी,कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मंडी परिसर का भ्रमण कर मंडी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने फसल नीलामी प्रक्रिया की जानकारी ली। साथ ही उन्होनें कृषकों से व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा कर जानकारी ली। कृषकों ने बताया कि मंडी में व्यापारियों द्वारा फसल की तुलाई मंडी से अन्य जगह अधिक दूरी पर कराने के लिए भेजा जाता है, जिससे समय व राशि का आर्थिक बोझ पड़ता है। इस पर कलेक्टर ने नवीन मंडी में फसल की तौल कराये जाने के निर्देश मंडी सचिव को दिए। मंडी में अव्यवस्थित ट्रालियों को क्रमानुसार लगाए जाने तथा क्रम से नीलामी प्रक्रिया कराए जाने के लिए मंडी सचिव को निर्देशित किया। साथ ही मंडी में कृषकों की उपज की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कराए जाने के निर्देश दिए।

**मंडी सचिव को कारण बताओ नोटिस**

निरीक्षण के दौरान नवीन कृषि उपज मंडी में गेहू खरीदी की व्यवस्थाएं दुरुस्त न होने पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही साफ सफाई न होने, कर्मचारियों के उपस्थित न रहने, सीसीटीवी कैमरे का संचालन स्पष्ट न होने पर कृषि मंडी सचिव भागीरथ अहिरवार को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अशोकनगर बृजबिहारी लाल श्रीवास्तव साथ थे।

### संस्कार अकैडमी विद्यालय का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**अशोकनगर।** एमपी बोर्ड द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है, जिसमें बरखेड़ी गुना रोड स्थित संस्कार अकैडमी विद्यालय ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की मेधावी छात्रा नंदिनी नायक ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सभी प्राइवेट स्कूलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा पूरे जिले में दूसरे नंबर पर रही। पल्लवी चैहान ने 90 प्रतिशत नैंसी रघु व राशी शर्मा ने 87 प्रतिशत और दिव्यांश रघु ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के अधिकांश छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं, जो शिक्षकों की मेहनत और छात्रों की लगन का प्रतिफल है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के संस्थापक राजेश पराशर, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर पारिक्षित पराशर, विधालय की सचिव मैत्री पराशर, प्रमुख विभागाध्यक्ष विष्णु शमार्, डायरेक्टर राजदीप सिंह तथा प्राचार्य वी.सी. जयन ने छात्रों को शुभकामनाएं और बधाइयाँ दीं। इसके साथ ही विद्यालय में इस वर्ष रोबोटिक लैब की शुरुआत की जा रही है, जो छात्रों को नवीनतम तकनीकी ज्ञान प्रदान करेगी।

# मानक क्लब द्वारा दोपहिया वाहन हेलमेट विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय दोपहिया वाहन हेलमेट विषय पर एक तकनीकी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन इसमें महाविद्यालय के लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

जिसमे सिविल ब्रांच तृतीय वर्ष के अभिनीत श्रीवास्तव प्रथम, इलेक्ट्रिकल ब्रांच प्रथम वर्ष के प्रशांत पंथ द्वितीय एवं मैकेनिकल ब्रांच द्वितीय वर्ष के रोहन कुमार बेलिया तृतीय स्थान पर रहे। वही इलेक्ट्रिकल ब्रांच प्रथम वर्ष के हर्ष ओझा को सान्तवना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता में संचालन समिति में महाविद्यालय के व्याख्याता आशु गुरहा, अंकुर सोनी, संजय अहिरवार, पुरषोत्तम सिंह ठाकुर द्वारा पूरे कार्यक्रम के संचालन में सहयोग प्रदान किया गया। वही संस्था के व्याख्याता अंकित साहू, गोलू प्रजापति, प्रशांत चैहान द्वारा क्विज के तीनो राउंड के मूल्यांकन कर विजेताओं के नाम घोषित किये गए। क्लब के मेंटर मोनेश जैन ने बताया कि उत्पादों की गुणवत्ता परखने के लिए और उनकी गुणवत्ता बढाने के लिए भारतीय मानक द्वारा मानक स्थापित किये जाते है। इस प्रतियोगिता का विषय दोपहिया वाहन चालको की सुरक्षा हेतु प्रयुक्त हेलमेट है, जिसकी मानक गुणवत्ता आईएस कोड 4151, 2015 द्वारा निर्धारित की जाती है। इस आईएस कोड वाला हेलमेट ही सभी वाहन चालको को उपयोग करना चाहिए, जिससे वह पूर्णतरू सुरक्षित रहेंगे द्य इस क्लब का उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सभी उत्पादों के मानको के प्रति जागरूक करना है।

प्राचार्य डॉ. बी.के. गुप्ता द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि मानक क्लब की गतिविधियों के माध्यम से उपभोगताओ को जागरूक किया जाना चाहिए। आज के क्विज का विषय हेलमेट सभी के लिए अत्यंत उपयोगी उत्पाद है। बीआईएस क्लब के माध्यम से इस प्रकार कि गतिविधियाँ निरंतर आयोजित की जाती है द्य जिससे मानको के प्रति जागरूकता बढ़ती है। इस प्रतियोगिता में संस्था के छात्र मानस भार्गव, केशव कुशवाह, अनुराग शर्मा, ऋतिक कुशवाह, मनसा सोनी, आदित्य यादव, अक्षय यादव, दिव्यांश साहू, अभय आदि रहे मौजूद।

### बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का जिला प्रशासन ने किया सम्मान

# मेघावी विद्यार्थियों सहित शत-प्रतिशत परिणाम वाले प्राचार्य हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा गत दिवस घोषित हायर सेकन्ड्री और हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम पिछले साल की अपेक्षा इस साल काफी बेहतर रहा है। जिले के विभिन्न विद्यालयों के छह छात्र-छात्राओं ने जहां प्रादेशिक मेरिट सूची में स्थान पाया है। वहीं जिले के 14 शासकीय विद्यालय ऐसे भी हैं जहां के शत-प्रतिशत बच्चों ने बोर्ड परीक्षाओं में सफलता पाई है।

जिले को मिली इस उपलब्धि पर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा सभी मेघावी विद्यार्थियों एवं शत-प्रतिषत रिजल्ट देने वाले स्कूलों के प्राचार्यों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में जहां अधिकारियों ने मेरिट में आए बच्चों की सराहना की वहीं उन्हें माला पहनाकर प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी तरह विभिन्न शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकन्ड्री स्कूलों के प्राचार्यों का सम्मान भी जिलाधीश द्वारा किया गया।

## इन 14 स्कूलों का शत-प्रतिशत रहा परिणाम

जिले में 14 शासकीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिषत रहा है। इन स्कूलों में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुठालिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलवाडिया, शासकीय हाई स्कूल आमल्याहाट, शासकीय हाईस्कूल बड़ोदिया तालाब, शासकीय हाईस्कूल देहरीनाथ, शासकीय हाईस्कूल सड़यिंकुआ, कुंवर कोटरी, नाईहेड़ा, आगर, मॉडल स्कूल नरसिंहगढ़, लखेसरा, हांसरोद, शासकीय हाई स्कूल समेली शामिल है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने इन स्कूलों के प्राचार्यों का शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया।



## राज्य एवं जिले की मेरिट सूची में आए बच्चे हुए सम्मानित

सम्मान समारोह में जिले के विभिन्न हाईस्कूलों से राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले पांच विद्यार्थियों सुश्री प्रिया धनगर, गरिमा यादव, श्री पालीवाल, केशव पवार, मेघा राजपूत एवं जिला स्तर की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले योगेश बैरागी, राजकुमार मालवीय, संदीप लववंशी, आशा नागर, अनुराधा शर्मा, हर्षिता कुशवाह एवं आनंद राठौर का सम्मान किया गया। इसी तरह हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में राज्य मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली सुश्री भावना शिवहरे एवं जिला स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी मनीषा गुर्जर, उमा सेन, आशीष कारपेंटर, आदित्य भरथरे, सुमित नागर, कुमारी शीतल कुशवाह, आरती यादव, प्रियांशी चंद्रावत, मनस्वी गुप्ता एवं रेणुका सिसोदिया का सम्मान किया गया।

### मेघावी विद्यार्थियों से कलेक्टर ने की चर्चा

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी मेघावी विद्यार्थियों से उनके भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की एवं भविष्य निर्धारण हेतु स्वयं के संस्मरण के साथ मार्गदर्षित किया। विद्यार्थियों ने भी अपनी जिज्ञासाओं एवं अपने केरियर निर्धारण हेतु कलेक्टर से प्रश्न पूछे। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक आर.के. यादव, एडीपीसी मनीष शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परीक्षा प्रभारी भूपेन्द्र सांखला, एल.एन. नामदेव एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित था।

### अस्पताल चौकी स्टाफ ने युवक को पकड़कर थाने सौंपा

# रंजिश का बदला लेने जिला अस्पताल में फर्सी लेकर पहुंच गया युवक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बारात में हुई आपसी रंजिश का बदला लेने देहरा गांव निवासी एक युवक बुधवार दोपहर संबंधितों से बदला लेने फर्सी लेकर जिला अस्पताल पहुंच गया। अस्पताल परिसर में युवक ने गाली-गलौच की और इससे पहले की वो हमला कर पाता कोतवाली पुलिस चौकी के पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़कर हिरासत में लेते हुए कोतवाली थाना पुलिस को सौंप दिया।

### क्या है पूरा मामला

विगत दिनों देहरा गांव की एक बारात रसभरी गांव गई थी। बारात में देहरा गांव निवासी मुकेश पिता रामलाल तंवर का कुछ लोगों से विवाद हो गया था। जिन लोगों से मुकेष का विवाद हुआ था वे अपने परिजनों का ईलाज करवाने जिला अस्पताल पहुंचे थे। यह बात मुकेष को मालूम होने पर वो लोहे की फर्सी लेकर जिला अस्पताल ही पहुंच गया। मुकेश का मकसद रसभरी निवासी इंदरसिंह, संजू पिता देवसिंह तंवर निवासी दिलावरी एवं सरदार सिंह पिता देवसिंह तंवर निवासी दिलावरी पर हमला करना था। वो गाली-गलौच करते हुए हमला करने ही वाला था कि अस्पताल पुलिस चौकी में पदस्थ जवानों ने उसे पकड़ लिया। बाद में युवक मुकेष को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस बारे में कोतवाली टीआई वीरसिंह ठाकुर से बात करने पर उनका कहना था कि अस्पताल में उत्पात मचाने वाले मुकेश तंवर भयंकर शराब के नशे में था जिस पर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## भव्य एकेडमी के छात्रों का श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम

**जीरापुर**। नगर के भव्य एकेडमी स्कूल में कक्षा 10 वीं में धनराज दांगी ने 93 एवं कक्षा 12वीं में अंकित सोलंकी ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर संस्था संचालक विष्णु मंडलोई ने बताया कि बोर्ड परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा है। विद्यालय में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 93ः तथा कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा । गांव के रहने वाले छात्र धनराज दांगी ने कक्षा 10 वीं में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए एवं दाईखेड़ी के अंकित सोलंकी ने कक्षा 12वीं में 89 अंक प्राप्त कर दोनों छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है । छात्र धनराज दांगी डॉक्टर की पढ़ाई करना चाहता है। विधालय परिवार ने सभी उत्कृष्ट रहे छात्रों को बधाई दी।

### अभाविप सहित विभिन्न संगठनों ने मनाया जश्न

# ऑपरेशन सिंदूर का जश्न मनाते हुए की आतिशबाजी



**राजगढ़**। 22 अप्रेल को पहलगांव हमले का बदला लेने भारतीय सेना द्वारा मंगलवार रात्रि ऑपरेशन सिन्दूर के तहत की गई जवाबी कार्रवाई की सर्वत्र प्रषंसा की जा रही है। विभिन्न सामाजिक एवं राजनैतिक संगठनों द्वारा भारतीय सेना की इस कार्रवाई पर कहीं मिठाईयां बांटकर तो कहीं आतिषबाजी के साथ इसे उत्सव के रूप में मनाया गया। इसी कड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजगढ़ द्वारा स्थानीय लीड महाविद्यालय भारत का तिरंगा लहराते हुए भारत माता के जयकारे लगाए गए। परिषद के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज में आतिशबाजी भी करते हुए एक-दूसरे को मिठाईयां बांटी। इसी तरह देर शाम स्थानीय बड़चैक पर भी मां बीजासन उत्सव समिति, रुद्राक्ष ग्रुप, राधा-रानी गौशाला, किला ग्रुप, तोपखाना ग्रुप, राज फ्रेंड्स ग्रुप के युवाओं द्वारा भव्य आतिशबाजी की गई। उपस्थित युवाओं ने सेना के इस कदम की जमकर सराहना कर भारत माता के जयकारे लगाते हुए एक दूसरे से खुशियां सांझा की।

### केंद्र सरकार पर जमकर बरसे इंकाई

# कांग्रेस ने संविधान बचाओ रैली निकाल आयोजित की सभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार जिला कांग्रेस द्वारा बुधवार दोपहर मुख्यालय पर संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। स्थानीय गांधी चौक से नारेबाजी के साथ आरंभ हुई रैली मुख्य मार्गों से होते हुए नाका नंबर-3 पहुंची जहां एक आमसभा का आयोजन किया गया।

आमसभा को संबोधित करते हुए इंका पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को जमकर कोसा। इंकाईयों ने कहा कि केंद्र सरकार हर वो काम कर रही है जो संवैधानिक नहीं हैं। इस मौके पर देष में बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी व अन्य मुद्धों को भी इंकाईयों ने उठाते हुए भाजपा सरकार को जमकर घेरा। सभा के दौरान जहां केंद्र सरकार को कौंसा गया वहीं इंका पदाधिकारी राजेंद्र सिंह कीलेखेड़ा ने भारतीय सेना द्वारा पीओके में की गई एयर स्ट्राइक की प्रशंसा करते हुए भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगवाए। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश पुरोहित, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, बापूसिंह तंवर, रामचंद्र दांगी सहित इंकाजन उपस्थित रहे।

# अभाविप के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय में बनाया जश्न




**नरसिंहगढ़** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय में छात्रों के साथ बनाया जश्न। बीती रात्रि को भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के आतंकी अड्डों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद पूरे भारत मे जश्न का माहौल है। विभाग संयोजक अमन व्यास ने बताया की पहलगांव मैं हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने ऑपरेशन श सिंदूरश लॉन्च कर पाक अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में चल रहे आतंकी शिविरों को टारगेट कर मिसाइल दागी गई। भारतीय सेवा के शौर्य पराक्रम को देखते हुए हर भारतीय को अपनी सेना पर गर्व हो रहा है भारतीय सेना के सम्मान में महाविद्यालय में विद्यार्थियो के बीच पटाखे फोड़कर ओर मिठाई बांटकर खशी मनाई गई। इस आवसर महाविद्यालय प्राचार्य श्री चेतन त्रिपाठी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य चिराग शुक्ला, नगर मंत्री यश नागर, महाविद्यालय अध्यक्ष मोनु गुर्जर, विशाल दांगी एव कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सोशल मीडिया पर बदनाम करने की नियत से की टिप्पणी

# कबीर पंथियों ने थाना प्रभारी के नाम दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

कबीर पंथी संत रामपाल महाराज के अनुयाइयों ने हिमांशु जोशी के विरुद्ध अपराधिक मामला दर्ज कराने हेतु सारंगपुर थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन दिया है। रामपाल महाराज के भारत में लगभग 6 करोड़ अनुयायि हैं लेकिन उनको बदनाम करने की नियत से हिमांशु जोशी ने सोशल मीडिया पर अभद्र एवं अशोभनीय टिप्पणी करते हुए कहा है कि संत रामपाल के सभी आश्रम व नामदान स्थल उखाड़कर ही दम लूंगा। इस मंशा के आधार पर समाज में संत रामपाल महाराज एवं उनके भक्तों की छबि खराब करके दंगा भड़काना चाहता ताकि वो अपनी घटिया राजनीति चमका सके।समाज के सभी प्रबुद्ध लोगों ने जोशी की इस हरकत को



लेकर सारंगपुर तहसील के सभी अनुयायियों ने उपस्थिति होकर थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन देते एफआईआर की मांग की है। इस दौरान लोकेश वर्मा,लखन मालवीय सहित कई लोग मौजूद थे।

# महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के कक्षा दसवीं एवं कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर कक्षा 12वीं में सर्वाधिक 90 अंक छात्र आयुष ओझा ने प्राप्त किए तथा कक्षा दसवीं में रोहित ने 94ः अंक अर्जित कर विद्यालय को गोरांवित किया। संस्था अध्यक्ष दिनेश जमीदार प्राचार्य दिनेश गुर्जर डायरेक्टर शिवचरण दांगी ने बताया कि विद्यालय लगभग दो दशक से अधिक समय से शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में अपना स्थान बनाए हुए हैं इसी कड़ी में इस बार कक्षा 12वीं में 30 विद्यार्थियों को शासन की योजना का लाभ लैपटॉप के रूप में प्राप्त होगा।

### कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम

विद्यालय के कक्षा 12वीं में आयुष ओझा 90 प्रतिशत ,विशाल दांगी 90 प्रतिशत ,सलोनी शर्मा 88 प्रतिशत , देवराज डांगी 87 प्रतिशत ,आर्यन शर्मा 87 प्रतिशत ,आदित्य दांगी 86 प्रतिशत, पवन डांगी 86 प्रतिशत , शिवानी 86 प्रतिशत , आरुष अग्रवाल 85 प्रतिशत, मांगीलाल दांगी 85 प्रतिशत रहे।

कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम'एवं कक्षा दसवीं में रोहित शर्मा 94ः प्रतिशत, कुलदीप 92 प्रतिशत , मोहित जाट 90ः प्रतिशत ,रवीना डांगी 90 प्रतिशत , नीतू गुर्जर ,89 प्रतिशत ,शिक्षा गुर्जर 88 प्रतिशत , अर्पिता पवांर 88 प्रतिशत ,पायल की 88 प्रतिशत , शुभम दांगी 87 प्रतिशत ने अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया सभी छात्रों को विद्यालय परिवार द्वारा बधाई दी गई।

# श्री विश्वकर्मा पूर्वी लोहार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन में 6 जोड़ों ने लिए फेरे



**पचोर**। विश्वकर्मा पूर्वी लोहार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन मंगलवार को पचोर मंडी प्रांगण में हुआ। आयोजन में 6 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। समारोह में तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री गौतम टेटवाल शामिल हुए। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

मंत्री टेटवाल ने कहा कि सामूहिक विवाह आज के समय की जरूरत है। यह समाज की एकता और समृद्धि की दिशा में बड़ा कदम है। सम्मेलन समिति के तत्वावधान में हुए आयोजन में जोड़ों ने भगवान गणेश और श्री विश्वकर्मा की पूजा की। वैदिक मंत्रों और पुष्पवर्षा के बीच फेरे लिए। समाज के दीपक विश्वकर्मा, लखन विश्वकर्मा, कुलदीप विश्वकर्मा, हेमंत विश्वकर्मा, ब्रजमोहन विश्वकर्मा और घनश्याम विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। समाज के लोगों ने एक महीने से सम्मेलन की तैयारी की थी। आयोजन में जिले सहित अन्य जिलों से समाज संगठन के पदाधिकारी पहुंचे। सम्मेलन में खर्चीली शादी से बचने और सामूहिक विवाह को अपनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही कुरीति मुक्त और शिक्षित समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। नवदंपतियों को समाजजनों ने आशीर्वाद दिया। समाज सुधार और निर्माण में योगदान देने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।

### चोपड़ा हनुमान मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित

# मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी ने धूमधाम से मनाया सीता नवमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

विश्व हिंदू परिषद की इकाई मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी ने मंगलवार को नरसिंहगढ़ स्थित चोपड़ा हनुमान मंदिर प्रांगण में मातृशक्ति जिला सह संयोजिका श्रीमती संतोष त्रिवेदी के नेतृत्व में सीता नवमी धूमधाम से मनाया गया। समारोह को संबोधित करते हुए श्रीमती त्रिवेदी ने कहा कि सीता नवमी हमलोग प्रत्येक वर्ष हर्षोल्लास के साथ रामनवमी के तरह मनाते हैं। सीता नवमी के दिन ही माता सीता का प्रकाट्य, धरती से सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में हुआ था। राजा जनक वैदेह प्रांत के राजा थे। उस प्रांत में प्रकाट्य होने के कारण माता सीता को वैदेही भी कहा जाता है। राजा जनक की मानस पुत्री होने के कारण जनक नंदनी भी कहा जाता है। माता सीता को धरती से जन्म लेने के कारण धरती पुत्री भी कहते हैं। माता सीता का विवाह अयोध्या के राजा दशरथ के ज्येष्ठ पुत्र प्रभु श्रीराम से हुआ था। इनके दो पुत्र हुए,लव और कुश जो बहुत प्रतापी थे। माता सीता जो धरती से जन्म ली थी फिर धरती माता में ही समा गई।

